# अलीगढ़ नोड में मिली 19 बड़ी कंपनियों को जमीन

**डिफेंस कॉरिडोर**

**65** कंपनियां राज्य में डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आईं

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

यूपी डिफेंस कारीडोर में 65 बड़ी कंपनियों ने अपनी फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इसमें से 19 बड़ी कंपनियों को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने 55 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी हैं। यह 19 कंपनियां 1245 करोड़ रुपए का निवेश करते हुए हजारों लोगों को रोजगार देगी।

अधिकारियों के अनुसार अलीगढ़ नोड में फैक्ट्री लगाने के लिए 29 कंपनियों ने अपने प्रपोजल सरकार को सौंपे और फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसी प्रकार लखनऊ नोड में 11, झांसी नोड में छह, कानपुर नोड में आठ कंपनियों ने फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। जमीन आवंटन का काम कर लिया गया है।